# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुढनी, कोलार, बैरसिया | वैशाख कृष्ण पक्ष 07 – 2082 | भोपाल,दिन गुरूवार, दिनांक 09 अप्रैल ,2026


## न्यूज गैलरी

### पाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 को

**भोपाल।** अक्षय तृतीया दो दिन 19 व 20 अप्रैल को रहेगी। चूंकि उदयातिथि 20 अप्रैल को है, इसलिए पूजा पाठ व दान–पुण्य इसी दिन होंगे। इस साल अक्षय तृतीया तिथि का आगमन 19 अप्रैल यानि रविवार सुबह 10.55 बजे होगा, जो अगले दिन रहेगी। इस बार अक्षय तृतीया पर रोहणी नक्षत्र के साथ सर्वाथ सिद्धि, अमृत व सौभाग्य सहित प्रवर्ध योग का संगम भी बन रहा है। अखिल भारतीय पाल समाज का विवाह सम्मेलन दशहरा मैदान में ही 19 अप्रैल को होगा, जिसमें 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। वहीं सर्व ब्राहम्मण समाज के सामूहिक विवाह 20 अप्रैल को लालघाटी गुफा मंदिर के मानस नि परिसर में होंगे।

### महामंडलेश्वर अजीलानंद के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।**हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष और मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष पर जबरन प्रकरण दर्ज कराने का दवाव बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर महामंडलेश्वर अनिलानंद के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। महामंडलेश्वर अनिलानंद ने बताया कि जिहादियों के द्वारा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष भानु हिंदू पर झूठे प्रकरण दर्ज कराने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है। हिंदू नेताओं की हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

### कल से होगी सिटीजन फीडबैक के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण–25 की शुरुआत

**भोपाल।** राजधानी में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सिटीजन फीडबैक की शुरुआत 10 अप्रैल

## कृषि उत्सव

जबलपुर में कृषि मंथन 2026श् में बोले मुख्यमंत्री-कृषि, परंपरा और नवाचार के संगम से मप्र बना

# समृद्ध किसान व समृद्ध मप्र की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में कृषि उत्सव

**सीएम ने कहा कि जय किसान, जय जवान में जय विज्ञान जोड़ा गया था। वर्तमान दौर में हम इसमें जय अनुसंधान**

**कार्यक्रम में 10 कृषि स्टार्टअप्स को 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी गई**



उन्नत बीज प्रसंस्करण, औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया

**डीआर संवाददाता▶▶भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि, परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय से देश में कृषि विकास का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों के शोध और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने उत्पादन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध किसान–समृद्ध मप्र की थीम के साथ पूरे वर्ष प्रदेश में कृषि उत्सव मनाया जा रहा है।

मंथन 2026श् कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में कभी अनाज का संकट आया था, लेकिन आज हमारे कृषि वैज्ञानिक नई–नई किस्में विकसित कर अनाज उत्पादन को बढ़ा रहे हैं। राज्य सरकार खेती को लाभकारी बनाने के लिए संकल्पित भाव के साथ आगे बढ़ रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की भावना के अनुरूप जय किसान, जय जवान में जय विज्ञान जोड़ा गया था। वर्तमान दौर में हम, इसमें जय अनुसंधान भी जोड़ रहे हैं। सीएम ने कहा कि अब किसान एक फसल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दो और तीन फसली प्रणाली अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं। ड्रोन तकनीक, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र और प्राकृतिक खेती जैसे नवाचार

### नर्मदा जल और सिंचाई से बड़ी क्षमता

उन्होंने कहा कि नर्मदा घाटी परियोजनाओं और सिंचाई विस्तार से प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर उन्होंने उन्नत बीज प्रसंस्करण,औषधीय पौध प्रजाति, खाद्य प्रसंस्करण एवं उन्नत कृषि फसलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने बताया कि मप्र प्राकृतिक खेती में अग्रणी बन रहा है। कोदो कुटकी, रागी जैसे मोटे अना. जों को बढ़ावा दिया जा रहा है,।

### प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया

सीएम ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देते हुए राज्य में दुग्ध उत्पादन 9: से बढ़ाकर 20: तक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को मुफ्त दूध देने की योजना लागू की जा रही है। उन्होंने कृषि विकास दर को गति देने के लिए क्षेत्रीय अनुकूलता के आधार पर गतिविधियों को सुनिश्चित करने और आधुनिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुकूल खेती, उन्नत बीज और उत्पादन वृद्धि पर ध्यान देने की अपील की। सीएम ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि जबलपुर में देश के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद किया, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में

भोपाल में टीईटी अनिवार्यता के आदेश का विरोध तेज

# टीईटी अनिवार्यता के आदेश के खिलाफ शिक्षकों का विरोध

**डीआर संवाददाता▶▶ दतिया**



भोपाल में टीईटी अनिवार्यता के आदेश के खिलाफ शिक्षकों का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर लोक शिक्षण संचालनालय (क्च्) मुख्यालय का घेराव किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे और सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई।

इधर, इंदौर समेत प्रदेशभर के कलेक्टर कार्यालयों पर भी सैकड़ों शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर टीईटी आदेश को निरस्त करने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के नाम पर लागू इस फैसले से हजारों पुराने शिक्षकों की नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है।

अध्यापक–शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी उपेंद्र कौशल ने बताया कि 8 अप्रैल को हुए जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद क्च् संचालक के.के . द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा गया है। फिलहाल आंदोलन स्थगित किया गया है, लेकिन यदि 11 अप्रैल तक राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल नहीं करती, तो आंदोलन दोबारा शुरू होगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो 18 अप्रैल को प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में परिवार सहित प्रदर्शन करेंगे और अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने यह भी कहा कि यदि उनकी योग्यता की दोबारा परीक्षा ली जा रही है, तो प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी हर पांच साल में परीक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।गौरतलब है कि क्च् भोपाल के हालिया आदेश के अनुसार, जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें दो वर्षों के भीतर टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा उनकी सेवा समाप्त की जा सकती है, जिससे शिक्षकों में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

# 37 हजार 700 किसानों ने कराया गेहूं बेचने का रजिस्ट्रेशन

**डीआर संवाददाता▶▶ भोपाल**

नौ दिन देरी के बाद गुरुवार से गेहूं खरीदी शुरू हो जाएगी, जिसके लिए बुधवार को किसानों के स्लॉट बुकिंग का पोर्टल ओपन किया गया। जिसके तहत एक दिन में 1980 किसानों ने खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने का स्लॉट बुक कराया, जिसके तहत गुरुवार को सबसे पहले साइलो केंद्र पर खरीदी शुरू होगी। इसके बाद शुक्रवार से सभी केंद्रों पर खरीदी शरू होगी। इस बार 37 हजार 700 किसानों ने गेहूं



बेचने के लिए सरकारी खरीदी केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

यहां पर किसानों से 2625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं खरीदी की जाएगी। राजधानी में इस बार एक अप्रैल से सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं खरीदी की जानी थी, लेकिन इसका समय बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया, जिसके बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने 9 अप्रैल से खरीदी करने का ऐलान किया, जिसके तहत गुरुवार से खरीदी शुरू की जा रही है। जिले को इस बार तीन लाख 58 हजार मिट्रिक टन गेहूं खरीदी करने का टॉरगेट दिया गया है।

# 10 अप्रैल से तेज गर्मी का दौर शुरू होने जा रहा है

**डीआर संवाददाता▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में 10 अप्रैल से तेज गर्मी का दौर शुरू होने जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (प्डक) भोपाल के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दिन के तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। हालांकि, गुरुवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह गर्म नहीं रहेगा और कई जिलों में बारिश, आंधी और गरज–चमक देखने को मिलेगी।



मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। इससे पहले बुधवार को भोपाल, जबलपुर, रायसेन, शिवपुरी, रतलाम, छतरपुर, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर और धार समेत कई जिलों में बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई।

दरअसल, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय होने से मौसम बदला हुआ है। गुरुवार को भी दोपहर बाद तेज आंधी चलने की संभावना है, जिसकी रफ्तार 40 से 60 किमी प्रतिघंटा तक जा सकती है। वहीं, 11 अप्रैल को नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा, लेकिन इसका असर सीमित रहने की उम्मीद है। हरविंदर सिंह पुलिस आरोपी पर करीब 400 चोरियों के मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।




# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्ष 07 – 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 09 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### 04 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला आपूर्ति श्रीमती रेशमा भामोर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव द्वारा सीहोर के साई रेस्टोरेंट, लल्लनटाप रेस्टोरेंट भोजनालय, जिरकॉन होटल, रामटी स्टॉल, कस्पी तड़का रेस्टॉरेंट, दक्षिण वाणी रेस्टोरेंट एवं राय टी स्टॉल सहित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट एवं प्रतिष्ठानों से 04 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### 1826 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।**शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (भ्च्ट) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 08 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 1826 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।0

### जल गंगा संवर्धन अभियान कें अंतर्गत जल चौपाल आयोजित

**सीहोर।**कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए

---

**जांच में दी महा** आयुष्मान घोटाले पर अब तक कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

# कांग्रेस ने कहा यह तो मोहरे हैं, घोटाले के मास्टर माइंड साम

डीआर संवाददाता>सीहोर




सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की इनसेंटिव राशि में 46 लाख घोटाले को उजागर हुए दो माह से ज्यादा का समय बीत चुका है और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दो माह से जांच चल ही है वही दूसरी और घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपी अब तक बेफ्रिक होकर सिविल अस्पताल में काम कर रहे हैं ऐसे में इस बड़े घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर जहां शहर में स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं दूसरी डेड़ माह से जांच, कर रही 6 सदस्यीय जांच टीम ने भी अब तक जांच प्रतिवेदन नहीं सोपा है ऐसे में पूरे मामले में लीपापोती की आशंका जताई जा रही हैं लिहाजा अब कांग्रेस ने भी पूरे मामले पर दो माह से चुप्पी साधे बैठी रोगी कल्याण समित्ति और स्थानीय चीजेपी विधायक को आड़े हाथों लिया है लिहाजा मंगलवार को आष्टा आए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने रोगी कल्याण समिति और विधायक गोपाल, इंजिनियर का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा अस्पताल के संविदा कर्मचारियों ने आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार कर डाला है और उन पर अब तक उन्हें नौकरी से हटाना तो दूर आपराधिक प्रकरण तक दर्ज नहीं किया गया है इससे समदर आता है नीचे से ऊपर तक सभी भ्रष्टाचार में शामिल है।

**नीचे से ऊपर तक भारी भ्रष्टाचारः गुजराती**

आपातकालीन सेवा सिविल अस्पताल आष्टा जिला सीहेर मप्र.

मंगलवार को आष्टा आए कांग्रेस जिला, अध्यक्ष राजीव गुजराती ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि संविदा कर्मचारियों ने गरीबों के पैसा अपने परिवार के बैंक खातों में डाल दिया रोगी कल्याण समिति में कलेक्टर पद्मन सदस्य होते हैं माननीय विधायक जी से आपको वह सवाल करना चाहिए कि

**विधायक गोपाल इंजि. नियर ने कहा कलेक्टर को आरो. पियों पर ठोस कार्रवाई के लिए कहा**

इतने बड़े घोटाले पर आखिर वो चुप क्यों है यदि जांच समिति बनी है और दो माह बीत गए हैं और उस जय समिति ने अब तक कुछ नहीं किया तो संविदा कर्मी अब तक सस्पेंड नहीं हुए हैं तो निश्चित तौर पर ऊपर से नीचे तक इस घोटाले में सभी लोग लिप्त हैं मेरी मध्यप्रदेश सरकार से कलेक्टर से यह मांग है कि इस मामले में तत्काल कार्यवाही कर उन लोगों से वसूली की जाय और आपराधिक प्रकरण

दर्ज कर कार्यवाही की जाय और यह तो मोहरे है इस मामले के जो मास्टर माइंड है जांच में सामने आना चाहिए काना कांग्रेस फिर आंदोलन करने पर मजबूर होगी

**दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगीः विधायक**

आष्टा विधायक गोपाल इंजिनियर ने इस मामले पर काए कि खबरों के माध्यम से पूरा मामला मेरे संज्ञान में है मैने बीएमओ और सीएमएचओ को उचित कार्यवाही के लिए बोला है वही कलेक्टर साहब की भी कार्यवाही के लिए कहा है जांच टीम जांच कर रही है जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**जांच रिपोर्ट आने वाली हैः सीएमएचओ**

इस मामले पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने बताया कि एक दो दिन में जांच टीम अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली है जल्द ही जो भी दोषी होगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

---

# सीहोर पुलिस ने जब्त किया 7 टन चोरी का सरिया एक आरोपी गिरफ्तार,

डीआर संवाददाता>सीहोर



सीहोर पुलिस ने लोहा सरिया चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 टन से अधिक चोरी का सरिया बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन और सीएसपी अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में, थाना कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिसके पास से भारी मात्रा में चोरी किया गया लोहा बरामद हुआ। मामले का खुलासा तब हुआ जब फरियादी चौपाल नायडू, निवासी तमिलनाडु, ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि उनके झगरिया रोड स्थित मिक्सर प्लांट पर खड़े लोहे के सरिये से भरे ट्रोले को ड्राइवर दाउद खान उर्फ आबिद खान रात में ले गया था। सुबह जब ट्रोला वापस आया और सरिये का वजन किया गया, तो उसमें कमी पाई गई।

जब्त सामान की कीमत 3,92,000 रुपए है।

आवेदक की शिकायत पर धारा 316 (5) बीएनएस (ठछै) के तहत जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सटीक सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित दबिश दी और संदेही को लसूडिया के पास पल्स कॉलोनी के पुराने खंडहर से माल सहित हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दाउद खान उर्फ आबिद खान (पिता बदलू खान, निवासी ग्राम पाइप, भरतपुर, थाना जुरैरा, राजस्थान) के रूप में हुई है। उसका वर्तमान पता सेठ मूलचंद नगर, वार्ड नंबर 1, शिवाला एस. होटल के पास, मंडीदीप, जिला रायसेन है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल 7 टन 20 किलोग्राम लोहा सरिया जब्त किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 3,92,000 रुपए है।

---

# महाकुंभ कलश यात्रा-एक हजार से अधिक

डीआर संवाददाता>सीहोर



शहर के इतिहास में पहली बार कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण हो गई है। बुधवार को श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में सुबह भव्य यज्ञ शाला का शिखर स्थापित किया गया।

इस मौके पर मंदिर के अधिकारी संत माधव दास महाराज के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नमिता राय, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल, सन्नी सरदार, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा सहित मंदिर परिवार के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से भगवान गणेश का आह्वान किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने यहां पर प्रचार रथ और संतों को प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। आयोजन समिति की ओर से सन्नी राजपाल सरदार ने बताया कि शहर के इतिहास में होने वाले महायज्ञ के पूर्व एक भव्य महाकुंभ कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी।

---

# तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है – कलेक्टर

डीआर संवाददाता>सीहोर



सीहोर जिले की इछावर तहसील के भाउखेड़ी आजीविका पार्क में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने एनआरएलएम अंतर्गत गठित आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के फील्ड प्रक्षेत्र में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित प्रिसिजन फार्मिंग केंद्र का लोकार्पण किया। यह परियोजना नाबार्ड, जियो कृषि, जैन इरिगेशन एवं सीपा संस्था के अभिसरण से विकसित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव एवं नाबार्ड की सीजीएम श्रीमती सी. सरस्वती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित कृषि समय की आवश्यकता है। आईओटी आधारित प्रिसिजन फार्मिंग से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी संभव होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाती हैं।परियोजना के लिए लगभग 01 करोड़ 40 लाख रुपए का वित्तीय प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत इछावर विकासखंड के 15 गांवों में आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के 300 शेयरधारकों के साथ प्रिसिजन फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान 45 स्वचालित संयंत्र स्थापित किए जाएंगे तथा 240 किसानों को मोबाइल आधारित अनुशंसाएं

























# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्ष 07 – 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 09 अप्रैल 2026

























































# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ वैशाख कृष्ण पक्ष-07,2082 विदिशा, दिन ,गुरूवार ,दिनांक 09 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### शस्त्र लाइसेंस निरस्त, 12 बोर बंदूक जब्त करने के आदेश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अरविंद सिंह गुर्जर, ग्राम बरमडी, थाना त्योंदा का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। एसपी रायसेन के प्रतिवेदन के अनुसार लाइसेंसी ने 5 फरवरी 2026 को विवाह समारोह में फायरिंग कर 5–6 लोगों को घायल किया था।आयुध अधिनियम 1959 एवं नियमावली 1962 के तहत लाइसेंस तुरंत निलंबित किया गया।आदेश में एसपी रायसेन को 12 बोर दो नाल बंदूक जब्त करने और संबंधित अपराध प्रकरण क्रमांक 56ध26 की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का धरना आज

**विदिशा।** किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस गुरुवार दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन करेगी। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा के अनुसार सरकार द्वारा उपार्जन तिथि बार–बार बढ़ाने, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा व बीमा राशि न मिलने के खिलाफ यह आंदोलन किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में 4722 कार्य हुए पूर्ण

**विदिशा।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में तेजी आई है। जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया ने बताया कि सातों जनपदों में कुल 4722 कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें खेत तालाब (1043 पूर्ण), डगवेल रिचार्ज (1045 पूर्ण) और अन्य जलसंरक्षण कार्य (375 पूर्ण) शामिल हैं। नटेरन, सिरोंज और लटेरी क्षेत्रों में गति तेज रही।

### देयकों के निराकरण के लिए समाधान शिविर कल

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के लंबित भुगतानों और देयकों के निराकरण हेतु विशेष शिविर शनिवार, 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे डाइट विदिशा में आयोजित होगा। शिविर में जिले के सभी विकासखंडों के शिक्षा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का धरना आज

**विदिशा।** सरकार द्वारा उपार्जन की तिथि बार–बार बढ़ाए जाने, ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा व बीमा राशि न मिलने तथा कथित किसान विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं किसान कांग्रेस आाज गुरुवार को दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहा पर धरना देगी। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि आंदोलन किसानों के समर्थन में आयोजित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने किसानों और सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों से शामिल होकर किसानों की आवाज बुलंद करने की अपील की है।

### बैंड का कार्यक्रम आज

**विदिशा।** मप्र पुलिस में आरक्षक (बैंड) भर्ती वर्ष 2026 के तहत 679 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। 5 से 19 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। युवाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से 7वीं वाहिनी, विशेष सशख वल भोपाल का पुलिस बैंड दल आज सुबह 11रू30 बजे विवेकानंद चौराह पर प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहेंगे।

### 11 अप्रैल को मुशायरा एवं ईद मिलन समारोह

**विदिशा।** आगामी 11 अप्रैलशनिवार रात 8 बजे से स्थानीय जय कॉम्प्लेक्स बड़ी बजरिया में अखिल भारतीय मुशायरा, कवि सम्मेलन, ईद मिलन एवं सम्मान समारोह का

---

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों की रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला, वरिष्ठता बहाली और टीईटी परीक्षा के विरोध में भरी हुंकार

**वरिष्ठता की गणना वर्ष 1998 से की जाए तथा सभी न्यायोचित मिले**

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को जिले भर के शिक्षक गांधी प्रतिमा, नीमताल पर एकत्रित हुए और टीईटी परीक्षा के विरोध में सांकेतिक धरना दिया। इसके पश्चात शिक्षकों ने रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक प्रकरण के संदर्भ में दिए गए निर्णय के अनुसार वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त




**अध्यापक शिक्षक संयुया भाग**

विदिशा। टीईटी परीक्षा के विरोध में ज्ञापन सौंपने के लिए रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए शिक्षक।

सभी शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय का प्रदेशभर में शिक्षक विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले 20 से 25 वर्षों से शिक्षा विभाग में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में सेवा के अंतिम चरण में नई परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। शि

क्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि जब किसी भी विभाग में भर्ती की जाती है तो उसकी सेवा शर्तें पूर्व निर्धारित होती हैं। वर्षों बाद सेवा शर्तों में बदलाव विधिसंगत नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट दिलाने की मांग की। शिक्षकों ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2018 में नए कैडर में उनके विलय के कारण उनकी पूर्व वरिष्ठता समाप्त हो गई, जिससे पेंशन सहित अन्य लाभ प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि यदि पदोन्नति और क्रमोन्नति वर्ष 1998 से दी जा रही है, तो वरिष्ठता की गणना भी उसी वर्ष से की जानी चाहिए, न कि 2018 से।

**मांगः वरिष्ठता और न्यायोचित लाभ मिले**

संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन द्वारा समय–समय पर शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया है। पहले शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक और अध्यापक जैसे विभिन्न पदनामों में उलझाए रखा गया और अब वरिष्ठता शून्य कर दी गई है। यह शिक्षकों के साथ अन्याय है। जिला अध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी ने मांग की कि वरिष्ठता की गणना वर्ष 1998 से की जाए तथा सभी न्यायोचित लाभ प्रदान किए जाएं। मोर्चा के चंद्रभूषण किरार और केजी राय ने भी शासन से शीघ्र न्याय की अपेक्षा जताई। सौदान सिंह ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर टीईटी परीक्षा से मुक्ति दिलाने की की मांग की। रैली में राजेश दीक्षित, लोकेश श्रीवास्तव, केशव रघुवंशी, विनय सक्सेना, अमर सिंह तोमर, सुनील रघुवंशी और विजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

---

## किसानों पर फिर बरसा कुदरत का कहर, कई गांवों में गिरे ओले


**डीजल बर्नर पर शिफ्ट होने से लागत 20: बढ़ी, पैकिंग मटेरियल और कच्चा माल भी महंगा**

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

ईरान–इजराइल युद्ध के असर से कमर्शियल गैस की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई है, जिसका सीधा असर विदिशा के सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों पर पड़ रहा है। गैस की कमी के कारण फेब्रिकेशन यूनिटों में 90: से अधिक उत्पादन ठप हो गया है, वहीं फूड प्रोसेसिंग यूनिटों का उत्पादन करीब 30: घट गया है और लागत में 20: तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

फेब्रिकेशन उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, क्योंकि 10 मिमी से अधिक मोटी लोहे की प्लेट और रॉड को काटने के लिए गैस और ऑक्सीजन की जरूरत होती है। गैस नहीं मिलने से यह काम पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे कई यूनिटों में काम रुक गया और कर्मचारियों की रोजी–रोटी पर संकट आ गया है।

वहीं, फूड प्रोसेसिंग यूनिटों को मजबूरी में गैस के बजाय डीजल से चलने वाले बर्नर और ओवन का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे उत्पादन घटने के साथ–साथ लागत भी बढ़ गई है। कच्चे माल के दाम 10: तक



बढ़े हैं, जबकि पैकिंग मटेरियल के रेट में 50: तक उछाल आया है।

पीतल मिल चौराहे के पास स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की 8 से 10 फूड यूनिट्स, जहां ब्रेड, टोस्ट, पाव और अन्य बेकरी उत्पाद बनाए जाते हैं, गैस संकट के कारण पहले बंद होने की कगार पर पहुंच गई थीं। बाद में संचालकों ने डीजल बर्नर का विकल्प अपनाया, लेकिन इससे लागत बढ़ गई और उत्पादन घट गया।

उद्योग प्रतिनिधियों के अनुसार, प्लास्टिक दाने के दाम 70 से बढ़कर 140 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, जिससे पैकिंग से जुड़े सभी उत्पाद महंगे हो गए हैं। वहीं क्रूड ऑयल के दाम 90 से 140 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से रॉ मटेरियल और लुब्रिकेटिंग

---

## डिजिटल अभियान के जरिए सरकार की नीतियों

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अहम बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी, जिला प्रभारी कपिल पाल और सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष गोविंद भार्गव सहित जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की



डिजिटल रणनीति, सोशल मीडिया गतिविधियों, कंटेंट समन्वय और आगामी कार्यक्रमों के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि जल्द ही पूरे जिले में व्यापक डिजिटल अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से सरकार की जनविरोधी नीतियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए

---

## 1000 कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड, मिले सिर्फ 100 रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन वालों की मुश्किलें बरकरार

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

शहर में 5 गैस एजेंसियां हैं। इनमें से प्रत्येक को 20 से 30 कमर्शियल सिलेंडर दिए जा रहे हैं, जबकि डिमांड रोजाना एक हजार सिलेंडर की है। ऐसे में शहर के होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन वालों की डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है।कई भोजनालय और फास्ट फूड वालों का कारोबार बंद हो गया है। कुछ भोजनालय वाले



कोयला और लकड़ी की भट्टी जलाकर काम चला रहे हैं। बुधवार को पहली बार विदिशा में 5 किलो वाला छोटा गैस सिलेंडर पहुंचा। यह सिलेंडर सिर्फ आईडी प्रूफ देखकर प्रवासी मजदूरों को दिया जाएगा। इसके लिए किसी अन्य दस्तावेज की जरूरत नहीं है। इससे मजदूर और प्रवासी वर्ग की जरूरत पूरी हो जाएगी।गैस एजेंसी संचालक अतुल शाह ने बताया कि उन्हें 20 कमर्शियल गैस सिलेंडर मिले हैं। बुधवार से 5 किलो वाले छोटे पैक सिलेंडर की आपूर्ति भी शुरू हो गई है।

**मैरिज गार्डन वालों को पांच सिलेंडर देने का नियम नहीं**

मैरिज गार्डन संचालकों और केटर्स को 5–5 सिलेंडर देने का नियम नहीं है। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया ऐसा कोई आदेश नहीं है। मैरिज गार्डन एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश कपूर का कहना है 19 अप्रैल से शादी के मुहूर्त हैं। ऐसे में जिन लोगों के घरों में शादी है, वे अपने रिश्तेदारों से मिलकर गैस सिलेंडर की जुगाड़ कर रहे हैं।

---

## कुरवाई में निजी स्कूलों पर सख्ती, कोर्स व ड्रेस बदलने पर रोक धारा 163 के तहत आदेश जारी

डीआर संवाददाता ⏭ कुरवाई

अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) कुरवाई श्री मनीष जैन द्वारा शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए क्षेत्र के निजी विद्यालयों पर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निजी स्कूल मनमाने ढंग से कोर्स, किताबें और ड्रेस में बदलाव नहीं कर सकेंगे। जारी आदेश के अनुसार, कुरवाई अनुविभाग के अंतर्गत संचालित निजी विद्यालय आगामी शिक्षा सत्र में अपने कोर्स में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को किसी एक निर्धारित दुकान से ही किताबें या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों को अपनी ड्रेस (यूनिफॉर्म) में भी कोई बदलाव नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय एमपी बोर्ड या सीबीएसई के निर्धारित कोर्स को ही अनिवार्य रूप से लागू करेंगे। यह आदेश 1 अप्रैल 2026 से 30 जुलाई 2026 तक प्रभावशील रहेगा।किसी भी विद्यालय, या संस्था द्वारा उपरोक्त का उल्लंघन करने पर धारा 223 ठछै (आदेश का उल्लंघन) के तहत दंडनीय अपराध माना जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में समयाभाव के चलते यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है, जिसे बाद में सुनवाई के दौरान संशोधित किया जा सकता है। एसडीएम द्वारा निर्देशित किया गया है कि आदेश की

---

### मार्च में 2815 रजिस्ट्रियां, अप्रैल के 8 दिन में 189

विदिशा । प्रॉपर्टी की रजिस्ट्रियों को लेकर नई गाइडलाइन लागू हो गई है, लेकिन रजिस्ट्रियां कम ही हो पा रही हैं। अप्रैल के 8 दिनों की बात करें तो सिर्फ 189 रजिस्ट्री ही हुई हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिनों आरसीएमएस पोर्टल अपडेट होने के कारण बंद रहा।नए वित्त वर्ष में कुछ दिनों के लिए ऐसी स्थिति बनती है। मार्च में पुरानी दरों पर रजिस्ट्रियां हुई थीं। इसके चलते एक महीने में ही 2815 रजिस्ट्रियां कराई गईं, यानी मार्च के 31 दिनों में हर दिन 90 रजिस्ट्रियां कराई

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतियोगिताएं

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत स्थानीय महाविद्यालय में दो दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश देना रहाकार्यक्रम के प्रथम दिवस जल संरक्षण विषय पर छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं नवाचार से भरपूर मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके साथ



ही "जल के प्राकृतिक स्रोत" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।द्वितीय दिवस पर "जल संरक्षणरू चुनौतियां एवं समाधान" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने प्रभावशाली ढंग से अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त स्लोगन प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल बचाने के प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए।इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्य को समझा और संकल्प लिया कि वे भविष्य में जल की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करेंगी, उनकी स्वच्छता बनाए रखेंगी तथा जल का सीमित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करेंगी।

---

**अभियान** जलगंगा संवर्धन अभियान में तेजी: जिले में पंचायतों द्वारा

## जलस्तर सुधारने और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

अभियान के तहत नवीन खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज तथा अन्य जलसंरक्षण कार्यों के माध्यम से जलस्तर सुधारने और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने बताया है कि जिले के सभी सातों

जनपदों में कुल 4722 कार्य स्वीकृत एवं प्रगतिरत हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। खेत तालाब के अंतर्गत कुल 2053 कार्यों में से 1043 पूर्ण तथा 1010 प्रगतिरत हैं। डगवेल रिचार्ज के अंतर्गत 1738 कार्यों में 1045 पूर्ण एवं



693 प्रगतिरत हैं। जलसंरक्षण के अन्य कार्यों में कुल 931 कार्यों में 375 पूर्ण तथा 556 प्रगतिरत हैं।

जनपदवार प्रगति की बात करें तो नटेरन, सिरोंज और लटेरी क्षेत्रों में कार्यों की संख्या और गति उल्लेखनीय रही है, जहां बड़ी जल गंगा सवर्णन अभियान 2026

संख्या में जल संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से न केवल भू–जल स्तर में सुधार की उम्मीद है, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी संसाधन भी उपलब्ध होंगे।

प्रशासन द्वारा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित अधिकारियों को समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जो आने वाले समय में कृषि और पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

---

## संयुक्त टीम की छापेमारी, 2 मेडिकल स्टोर भी सील

डीआर ०संवाददाता ⏭ गंजबासौदा

शहर में संयुक्त जांच दल ने नगर के अधिकारियों के साथ डेरी, खाद्य पदार्थ, दवा कारोबारियों पर कार्रवाई की। बुधवार को चार टीमों ने अलग–अलग इलाकों में एक साथ दबिश दी। जांच के दौरान फ्रीगंज क्षेत्र में एक मकान से भारी मात्रा में मावा जब्त हुआ। चंद्र प्रभु नगर वार्ड क्रमांक–1 में मुरैना घी भंडार से जुड़े कारोबारी के मकान पर टीम पहुंची। यहां दो बड़े फ्रिज में 467 किलो मावा मिला। नमूने जांच के लिए भेज दिए। खाद्य अधिकारी एडलीना पन्ना ने बताया, मावा खाने योग्य है या नहीं, यह लैब रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा। इससे करीब 16 से 19 हजार गुलाब जामुन बनाए जा सकते थे। 2 मेडिकल स्टोरों पर सख्ती की सीलरू ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर ने जवाहर रोड स्थित मेडिकल स्टोरों की जांच की। राधे मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 2025 में समाप्त हो चुका था। लाइसेंस धारक मौके पर नहीं मिला। दुकान तुरंत बंद कराई गई। आजाद मेडिकल में होलसेल लाइसेंस के बावजूद रिटेल में दवाइयों की बिक्री हो रही थी। इस अनियमितता पर इसे भी बंद करा 2024 में भी शहर से 67 क्विंटल मावा पकड़ा था2024 में स्टेशन के समीप संचालित मावा भंडार व्यापारी के मकान से दीपावली के दौरान 67 क्विंटल मावा जब्त हुआ था। 11 सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। 9 सैंपल फेल हो गए थे। इसके बाद से शहर नकली मावा, घी के कारोबार के लिए हिट लिस्ट में आया।

# डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | वैशाख कृष्ण पक्ष-07,2082 | राजगढ़, दिन गुरूवार ,दिनांक 09 अप्रैल 2026


## न्यूज गैलरी

### कांग्रेस का जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन आज

**राजगढ़।** वर्तमान भाजपा सरकार की किसान विरोध नितियों के विरोध में कांग्रेस द्वारा आज यानि गुरुवार 9 अप्रैल को जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस मीडिया सेल पदाधिकारी कुशा पंचोली ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में होने वाला यह धरना प्रदर्शन राजगढ़ में दोपहर 12 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय परिसर में आयोजित होगा।

### सहायक संचालक भर्ती के आवेदन 31 अगस्त तक होंगे इपकव्र

**राजगढ़।** लोक सेवा आयोगने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग में सहायक संचालक (क्षेत्र एवं विस्तार) भर्ती परीक्षा 22 नवंबर को होगी। आवेदन की तारीख में एमपी पीएससी ने बदलाव किया है। पूर्व में 24 अप्रैल से शुरू होकर 25 मई तक चलने वाली आवेदन प्रक्रिया अब 1 से शुरू होगी और 31 अगस्त तक चलेगी।

### उद्योगों में बाल श्रम मिला तो स्टार रेटिंग शून्य होगी

**राजगढ।** 14 से 18 साल तक के बच्चों को उद्योगों और प्रक्रियाओं में काम पर लगाना प्रतिबंधित है। श्रम विभाग ने श्रम स्टार रेटिंग में बाल और बंधुआ मजदूरी पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू की है। ऐसे संस्थानों को शून्य अंक दिए जाएंगे। वेदा पहल के तहत समीक्षा होगी।

### सीईओ ने ने 9 सीएमओ को कारण बताओ नोटिस

राजगढ़। जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बुधवार को 9 नगरीय निकायों के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए। सीईओ ने राजगढ़, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, पचौर, खिलचीपुर, तलेन, बोड़ा, कुरावर एवं खुजनेर के सीएमओ को नोटिस दिए हैं। समीक्षा बैठक में उन्होंने अभियान में लापरवाही पर नाराजगी जताई।

### जहरीला पदार्थ सेवन करने से महिला की हालत बिगड़ी

**ब्यावरा।** देहात थाना क्षेत्र के बाईहेड़ा गांव में एक 28 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बाईहेड़ा निवासी रवीना पत्नी राहुल वर्मा ने बुधवार शाम अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। देहात थाना पुलिस द्वारा महिला के जहरीला पदार्थ खाने के कारणों की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की सजा

**ब्यावरा।** वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने आरोपी बजेसिंह निवासी ग्राम सीलखेड़ा, थाना मलावर, को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने यह फैसला 7 अप्रैल 2026 को सुनाया। अभियोजन के अनुसार 22 फरवरी 2025 को आरोपी ने बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर बुलाया

---

**फर्जी प्रमाण पत्र** | रामगढ़ के अस्पताल में डिलीवरी नहीं ऑपरेटर ने 250 से ज्यादा जन्म प्रमाण-पत्र बना दिए

# आधार केंद्र व एमपी ऑनलाइन से जुड़ा नेटवर्कय 500 से 1000 रुपए लिए, डाटा एंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़



जिले में फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र बनाने वाले एक संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। न रामगढ़ के सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डिलीवरी नहीं होने के बावजूद यहां से सैकड़ों जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर दिए गए। जांच में सामने आया है कि आधार में नाम व जन्मतिथि सुधार कराने के लिए इस फर्जीवाड़े का सहारा लिया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी अर्जुन बैरागी है, जो स्वास्थ्य केंद्र में डाटा एंट्री ऑपरेटर था। अर्जुन ने ही पूरे नेटवर्क को संचालित किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फरवरी माह में केंद्र पर एक भी डिलीवरी नहीं हुई, इसके बावजूद इस माह में 137 जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर दिए गए। पुलिस ने अर्जुन से पूछताछ की तो उसने कई अहम राज उगले। पूछताछ में अर्जुन ने 250 से ज्यादा फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन और सरकारी स्वास्थ्य केंद्र का कंप्यूटर सिस्टम जब्त किया है। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी विस्तार से जांच की जा रही है।

जांच में सामने आया कि लोकसेवा केंद्र, आधार केंद्र और एमपी ऑनलाइन से जुड़े कुछ संचालकों के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाता था। जरूरतमंद लोग अपनी जानकारी व्हाट्सएप के जरिए भेजते थे और बिना किसी वैध दस्तावेज के सीआरएस पोर्टल पर एंट्री कर फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर दिए जाते थे। इसके बदले प्रति प्रमाण-पत्र 500 से 1000 रुपए तक वसूले जाते थे।

### राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल के प्रमाण- बना डाले

जांच में यह भी सामने आया है कि केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तरप्रदेश के लोगों के भी प्रमाण-पत्र बनाए गए। इतना ही नहीं, कई प्रमाण-पत्र 1950 से 1980 के बीच के बनाए गए, सबसे खास बात ये कि उस समय इस स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी पॉइंट नहीं था।

### खेल चलता रहा अफसरों को भनक तक नहीं लगी

पुलिस जांच में पाया गया कि कई प्रमाण-पत्र 1 अप्रैल 2007 से पहले के बनाए गए, जबकि इस तरह के प्रमाण-पत्र जारी करना नियमों के विरुद्ध है। सबसे गंभीर बात ये कि स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल अधिकारी को इस पूरे फर्जीवाड़े की भनक तक नहीं लगी। आरोपियों ने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के माध्यम से पोर्टल का उपयोग कर दस्तावेज अपलोड किए।

### फर्जी अंकसूची बनाने का धंधा भी पनप रहा

जिले में फर्जी अंकसूचियां बनाने का गोरखधंधा भी तेजी से बढ़ रहा है। जिले में दिल्ली बोर्ड सहित अन्य राज्यों के बोर्ड के नाम पर नकली अंकसूचियां तैयार की जा रही हैं। इन दस्तावेजों का उपयोग सरकारी नौकरी पाने तक में किया जा चुका है। ऐसे मामलों के उजागर होने के बाद भी इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में अभी भी ये बड़ी खामी हैं, जिनका फायदा उठाकर फर्जीवाड़ा किया गया है।

---

# स्कूल फीस और टीकाकरण लापरवाही पर सख्त तमाशा नहीं चलेगा,कलेक्टर




डीआर संवाददाता ⏭अशोकनगर

अशोकनगर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 212 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें निजी स्कूलों की मनमानी फीस और टीकाकरण में लापरवाही जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए।

शहर के समाजसेवियों ने निजी स्कूलों पर आरोप लगाया कि वे किताबें, कॉपियां और ड्रेस मनमाने दामों पर बेच रहे हैं। अभिभावकों को स्कूल से जुड़े बुक स्टोर से ही सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जहां अधिक कीमत वसूली जाती है। ड्रेस की गुणवत्ता भी खराब होने के बावजू ऊंचे दाम लेने की शिकायत की गई। इस पर समाजसेवियों ने उचित मूल्य पर सामग्री उपलब्ध कराने और सभी दुकानों पर किताबें मिलने की व्यवस्था करने की मांग की।

जनसुनवाई के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से भी कई समस्याएं सामने आईं। सुनवाई निर्धारित समय से अधिक चली और सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया गया।

इस दौरान कलेक्टर ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई। बच्चियों के एचपीवी (भ्प्ट) टीकाकरण में ढिलाई पर जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया और टीकाकरण अधिकारी डॉ. रजनी छारी को विशेष रूप से चेतावनी दी। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा, "आप लोग काम करोगे या तमाशा देखोगे? हम तमाशा नहीं चलने देंगे।"

---

# शहर में आक्रोश रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़।



अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बुधवार को जिलेभर के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता खत्म करने व नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने शहर में आक्रोश रैली निकालकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता व वरिष्ठता को लेकर शिक्षक वर्ग में असंतोष है।

उन्होंने मांग की कि शिक्षकों के हित में निर्णय लेते हुए नियुक्ति से वरिष्ठता दी जाए। प्रदेश प्रतिनिधि रामचरण वर्मा ने बताया कि आंदोलन के तहत 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर व 18 अप्रैल को भोपाल में बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा। प्रदर्शन में सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

---

# वादों की पोल खुली ! फिर तालाबंदी कर हड़ताल पर पहुंचे सोसाइटी कर्मचारी

डीआर संवाददाता ⏭सारंगपुर



राजगढ़ जिले में प्रशासन के आश्वासनों की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई है जिले की सभी सहकारी सोसाइटी के कर्मचारी उदनखेड़ी सहकारी समिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिससे पूरे जिले में गेहूं खरीदी, सहकारिता के कामकाज व्यवस्था चरमराने लगी है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कर्मचारियों ने मार्च माह में हड़ताल की थी, लेकिन जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्र के लिखित आश्वासन के बाद उसे स्थगित करदिया गया था। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनकी पदोन्नति सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय होगा, लेकिन प्रशासन की सुस्ती और अनदेखी के चलते आज तक कोई समाधान नहीं निकला। पदोन्नति की मांग को लेकर भड़के

कर्मचारि संघ के जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा का साफ कहना है अब सिर्फ आश्वासन नहीं, फैसला चाहिएह्व कई बार ज्ञापन देने और बातचीत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने फिर आंदोलन का रास्ता अपनाया

---

# उपार्जन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, डबल पंजीयन निरस्त

डीआर संवाददाता ⏭राजगढ़



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह, उप संचालक कृषि सचिन जैन सहित एसएलआर, नान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएमओ राजगढ़ बाबन शर्मा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु कमिश्नर को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन समितियों में पंजीयन की संख्या अधिक है, वहां विशेष जांच की जाए। डबल पंजीयन पाए जाने पर तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही पटवारी एवं समिति ऑपरेटर को समन्वय के साथ अन्य नामों से किए गए पंजीयन का सत्यापन करने को कहा गया। बैठक में सभी एसडीएम से उपखंडवार रकबे की जानकारी ली गई। गलत रकबे पर पंजीयन कराने वाली समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

---

# लटका मिला युवक का शव, माता-पिता की पहले हो चुकी मौत

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़



जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुरा गांव में बुधवार सुबह 27 वर्षीय युवक का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर भोजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान इंदर

सिंह तंवर निवासी भवानीपुरा के रूप में हुई है। वह भेड़ चराने का काम करता था और घर में अकेला रहता था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। बुधवार सुबह उसका मामा जयसिंह घर पहुंचा तो दरवाजा खुला मिला। कमरे में अंदर युवक का शव गमछे के सहारे लटका दिखा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

---

**पोल खुली** | नगर पालिका द्वारा शहर से सुअरों को बाहर करने के दावों की पोल

# नपा कार्यालय की छत पर आधा घंटे बैठा रहा

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा



नगर पालिका द्वारा शहर से सुअरों को बाहर करने के दावों की पोल बुधवार को उस समय खुल गई, जब एक सुअर सीधे नपा कार्यालय में घुस गया। हालात ऐसे बने कि सुअर करीब आधे घंटे तक कार्यालय की छत पर बैठा रहा, जिससे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल बीते साल नगर पालिका ने शहर से सुअरों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया था। सीएमओ इकरार अहमद के निर्देशन में बाहर से टीम बुलाकर सुअरों को पकड़वाया गया और शहर से बाहर छोड़ा गया।

शुरुआती दिनों में नपा की टीम ने लगातार कार्रवाई भी की, जिससे कुछ समय के लिए शहर में सुअरों की संख्या कम नजर आई। हालांकि, समय बीतने के साथ यह अभियान ठंडा पड़ गया और सुअर फिर से शहर की सड़कों पर घूमते दिखाई देने लगे। बुधवार की घटना ने नपा के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस कार्यालय से शहर को सुअर मुक्त करने की योजना बनाई गई थी, वहीं सुअर का घुसना और छत पर चढ़ जाना व्यवस्था की हकीकत बयां करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुअरों की समस्या पहले की तरह ही बनी हुई है और कई इलाकों में ये खुलेआम घूमते हैं।

### श्वानों से बचने कार्यालय में घुसा सुअर का बच्चा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे आधा दर्जन श्वानों का झुंड सुअर के बच्चे के पीछे भौंकते हुए दौड़ रहा था। डर के कारण सुअर का बच्चा सड़क से भागते हुए नपा कार्यालय की ओर पहुंचा। इसी दौरान आसपास और श्वानों के आ जाने से बचने के लिए वह सीधे कार्यालय परिसर में घुस गया। बताया जा रहा है कि उस समय कार्यालय के अधिकांश दरवाजे बंद थे, जिससे वह इधर-उधर भटकते हुए सीढ़ियों के रास्ते छत पर चढ़ गया। अचानक सुअर को छत पर देख कर्मचारी भी हैरान रह गए और कुछ समय तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बाद में सुअर मालिक बच्चे को पकड़कर ले गया।

### कुछ देर के लिए सुअर का बच्चा कार्यालय में घुस था

बुधवार सुबह श्वानों के हमले से बचने के लिए एक सुअर का बच्चा नपा कार्यालय में घुस गया था। किसी तरह की अफरा-तफरी का माहौल नहीं रहा। बाद में सुअर मालिक उसे पकड़कर ले गया। शहर से पहले ही सुअर को बाहर करवा दिया है। अगर शहर में फिर से सुअर दिखाई देंगे तो उन्हें बाहर किया जाएगा।

**इकरार अहमद, सीएमओ, नपा, ब्यावरा।**

---

# ई-अटेंडेंस , सारंगपुर व खिलचीपुर एसडीएम का प्रदर्शन खराब, गैर हाजिर तहसीलदार को नोटिस

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़



राजस्व विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कार्यप्रणाली को लेकर सख्त रुख अपनाया। समीक्षा के दौरान माचलपुर तहसीलदार की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

वहीं सारंगपुर व खिलचीपुर के एसडीएम का ई-अटेंडेंस प्रदर्शन कमजोर मिलने पर भी भी कलेक्टर कलेक्टर ने असंतोष जताया। बैठक में टीएल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर लंबित मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही आरसीएमएस पोर्टल को लगातार अपडेट रखने के लिए भी कहा।

ई-अटेंडेंस में सुधार के निर्देश कलेक्टर ने खास तौर पर मार्च माह में ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होने पर खिलचीपुर एसडीएम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। सारंगपुर एसडीएम को भी उपस्थिति व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी पटवारियों को अपने-अपने हल्कों में नियमित